# केस स्टडी (Case Study)

## Class - V

**Date : 28/04/21**

**1. निम्नलिखित केस स्टडी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ।**

मुंशी प्रेमचंद अनुशासित जीवन जीते थे। वे प्रातः काल जल्दी उठ जाते थे और दैनिक कार्यों से मुक्त होकर एक घंटा खुले मैदान में घूमते थे। घर लौट कर वे अपने अधिकांश कार्य स्वयं करते थे। वे नौकरों से काम लेकर अपनी आदत बिगाड़ना नहीं चाहते थे । उनका मानना था कि जिस आदमी के हाथ में काम करने से निशान न पड़े हो, उसे रोटी खाने का अधिकार नहीं है। वे अपने सारे काम निपटा कर नाश्ता करते थे । लिखने के लिए उन्हें प्रातः काल का समय पसंद था। वे वक्त के बड़े पाबंद थे। वे खुद समय पर स्कूल पहुंचकर छात्रों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते थे। समय की बर्बादी को वे गुनाह मानते थे। उनका मानना था कि समय की पाबंदी के बिना कोई जाति या देश उन्नति नहीं कर सकता है। उन्हें छात्रों से बहुत उम्मीदें थी। वे चाहते थे कि शिक्षा संस्थानों से ही छात्रों को त्याग, साहस, देश प्रेम और देश सेवा का मंत्र दिया जाना चाहिए ।

**i) मुंशी प्रेमचंद कैसा जीवन जीते थे ?**

क) आलस से भरा

ख) अनुशासित

ग) व्यस्तता से भरा

घ) इनमें से कोई भी नहीं

**ii) अपने दैनिक कार्य से मुक्त होकर प्रेमचंद क्या करते थे ?**

क) दौड़ते थे

ख) पढ़ते थे

ग) सोते थे

घ) घूमते थे

**iii) प्रेमचंद अपनी कौन सी आदत बिगाड़ना नहीं चाहते थे ?**

क) ज्यादा खाने की

ख) ज्यादा घूमने की

ग) नौकर से काम लेने की

घ) रसोईया से काम लेने की

**iv) मुंशी प्रेमचंद के अनुसार कैसे व्यक्ति को रोटी खाने का अधिकार नहीं है ?**

क) जिस आदमी को काम की चिंता ना हो

ख) जो आदमी सारा दिन सोता हो

ग) जिस आदमी के हाथ में काम करने से निशान ना पड़े हो

घ) जो आदमी दूसरों के भले के बारे में नहीं सोचता हो

**v) मुंशी प्रेमचंद को लिखने के लिए कौन सा समय पसंद था ?**

क) प्रातः काल का

ख) दोपहर का

ग) संध्या काल का

घ) रात का

**vi) प्रेमचंद किस चीज के बड़े पाबंद थे ?**

क) अपने काम के

ख) अपने परिवार के

ग) वक्त के

घ) अपने दोस्तों के

**vii) प्रेमचंद बचपन में समय पर स्कूल क्यों पहुंचते थे ?**

क) वे दूसरे छात्रों को डराना चाहते थे

ख) वे कक्षा में प्रथम आना चाहते थे

ग) उन्हें सबसे पहले आना पसंद था

घ) वे आगे आकर छात्रों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते थे

**viii) प्रेमचंद को किस से बहुत उम्मीदें थी ?**

क) अपने पाठकों से

ख) अपने दोस्तों से

ग) छात्रों से

घ) अपने परिवार से

**ix) प्रेमचंद अपने सारे काम निपटा कर क्या करते थे ?**

क) टीवी देखते थे

ख) नाश्ता करते थे

ग) बाजार जाते थे

घ) परिवार के साथ समय बिताते थे

**x) उन्नति शब्द का विलोम शब्द क्या है ?**

क) आउन्नति

ख) परेशानी

ग) अवनति

घ) सफलता